# राजगढ़-ब्यावरा





## एक नजर में

### नदी में डूबने से मौत हुई, नहीं मिली सहायता



**राजगढ़ 16 जून, का.** जनसुनवाई में पूरा राजगढ़ निवासी सतीश विश्वआकर्मा ने बताया कि आवेदक के भाई की मृत्यु नदी में डूबने से हो गई थी. आवेदक को शासन से मिलने वाली आर्थिक सहायता अप्राप्तय हैं. आवेदक काफी परेशान हैं. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा तहसीलदार राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

### पति की मौत के बाद नहीं मिली विधवा पेंशन

**राजगढ़ 16 जून, का.** ग्राम चाटूखेडा निवासी ममता बाई ने बताया कि आवेदिका के पति की मृत्यु हो गई हैं. आवेदिका को विधवा पेंशन व शासन की अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा हैं. आवेदिका के दो बच्चे हैं. आवेदिका को काफी परेशानिया हो रही हैं. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा सीईओ जनपद पंचायत राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. इस अवसर पर 165 आवेदन प्राप्त हुए.

### नीट परीक्षा के संचालन के लिए व्यवस्था के निर्देश

**राजगढ़ 16 जून, का.** 21 जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के निर्बाध, शांतिपूर्ण एवं सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं. इसी क्रम में परीक्षा केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की आकस्मिक चिकित्सा स्थिति से निपटने के लिए तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए गए हैं. जिले में नीट (यूजी) परीक्षा के लिए निर्धारित परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं. जिनमें शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, अस्पताल रोड, पुराने पेट्रोल पंप के सामने, राजगढ़, शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, खुजनेर रोड, ग्राम जुगलपुरा, राजगढ़, पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, कलेक्ट्रेट के सामने, राजगढ़ तथा शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, पुराना बस स्टेण्ड ब्यावरा रहेंगे.

### यज्ञ कुण्ड में बुराइयों को स्वाहा किया



**राजगढ़ 16 जून, का.** ग्राम खारचाखेडी में ग्रामवासियों एवं ब्रह्माकुमारी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सप्त दिवसीय गीता प्रवचन का समापन हर्षोल्लास एवं आध्यात्मिक वातावरण के साथ स पन्न हुआ. प्रवचनकर्ता ब्रह्माकुमारी सुमित्रा दीदी ने गीता में वर्णित आत्म परिचय, परमात्मा का परिचय, धर्म, कर्तव्य, कर्मों की गहन गति, मनुष्य के उत्थान-पतन की अद्भुत जीवन कहानी, परमात्म सुख का अनुभव एवं उनसे मिलन मनाने की सहज विधि गीता में वर्णित राजयोग, श्रीमद्भागवत गीता, रामायण का सार जीवनोपयोगी व रोचक ढंग से प्रयोगात्मक अनुभूति के साथ दर्शाया. कार्यक्रम के दौरान गांव के वरिष्ठजनों ने ब्रह्माकुमारी संस्था की बहनों के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया. अंत में यज्ञकुंड में बुराइयों एवं व्यसनों को स्वाहा कराया गया.

# हादसे के बाद उछलकर 20 फीट दूर गिरा दिल

## खिलचीपुर के पास दौलाज सड़क हादसे में ब्यावरा निवासी 1 की मौत, बाइक चालक घायल

**घटना इतनी भीषण थी कि धड़ पर पहिया चढ़ने से शरीर फट गया**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/खिलचीपुर 16 जून, सं. समीपस्थ ग्राम दोलाज के श्मशान घाट के सामने एनएच-52 पर हुई सड़क दुर्घटना ने हर किसी को झंकझोर दिया. हादसे में एक बाईक तेज रफ्तार ट्राले से टकरा गई. बाईक पर पीछे बैठा युवक टक्कर के बाद ट्राले की चपेट में आ गया. ट्राले ने उसे रौंद डाला. घटना इतनी भीषण थी कि धड़ पर पहिया चढ़ने से शरीर फट गया और युवक का दिल उछलकर 20 फीट दूर जाकर गिरा. बाईक फिसलने से हादसा हुआ. हादसा इतना भयावह था कि युवक का सिर पूरी तरह फट गया. बाद में**



### रबड़ी खाने ब्यावरा से सरहदी जा रहे थे

बताया जा रहा है कि ब्यावरा निवासी संजय रजक और उसके दोस्त प्रेम उर्फ मामा गोस्वामी को किसी ने बताया था कि राजस्थान बॉर्डर पर अच्छी रबड़ी मिलती है. इसलिए मंगलवार को दोनों करीब 21 किलोमीटर दूर रबड़ी खाने के लिए बाइक से रवाना हो गए थे. हादसे के बाद ट्राला चालक वाहन लेकर भाग निकला, लेकिन पुलिस ने तत्काल सूचना प्रसारित कर राजगढ़ क्षेत्र में नाकेबंदी कराई. बाद में ट्राले को रोककर जब्त कर लिया गया और थाने लाया गया. संजय ने बताया, हम किसी काम से खिलचीपुर आए थे. यहां पता चला कि राजस्थान बॉर्डर पर अच्छी रबड़ी मिलती है. प्रेम ने कहा कि चलो रबड़ी खाकर आते हैं. हम दोनों वहीं जा रहे थे, लेकिन रास्ते में यह हादसा हो गया. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

पुलिस और ग्रामीणों ने फावड़े से शव के अंग समेटे.

### हाईवे पर बाइक बेकाबू होकर फिसल गई

दोलाज गांव के पास पहुंचते ही बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई. बाइक चला रहा संजय सड़क पर घिसटता हुआ नीचे जा गिरा, जबकि पीछे बैठा प्रेम सीधे हाईवे पर जा गिरा. उसी दौरान भोजपुर की ओर से खिलचीपुर आ रहा एक तेज रफ्तार ट्राला उसके ऊपर से गुजर गया. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्राले के पहिए चढ़ते ही प्रेम का सिर बुरी तरह फट गया. दिल, फेफड़े और शरीर के अन्य अंग सड़क पर दूर-दूर तक बिखर गए. हाईवे पर खून और मांस के टुकड़े फैल जाने से मौके का दृश्य बेहद भयावह हो गया. घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए.

### शव को फावड़े से समेटना पड़ा

सूचना पर थाना प्रभारी कमल सिंह गहलौत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. शव की स्थिति ऐसी थी कि उसे सामान्य तरीके से उठाना संभव नहीं था. पुलिस ने लोहे का फावड़ा मंगवाया और ग्रामीणों की मदद से सड़क पर बिखरे शव के अंगों को एकत्र किया। इसके बाद उन्हें प्लास्टिक की बरसाती पर



रखकर पोस्टमार्टम के लिए खिलचीपुर अस्पताल भेजा गया.

# आरक्षक की कार डिवाइडर से टकराई, 7 घायल हुए

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 16 जून, का. अपना नगर के पीछे स्थित बखतपुरा बायपास पर मंगलवार दोपहर एक पारिवारिक यात्रा सड़क हादसे में बदल गई. ग्वालियर में रिश्तेदारी के कार्यक्रम में शामिल होकर इंदौर लौट रहा एक परिवार राजगढ़ बाईपास स्थित आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर दुर्घटना का शिकार हो गया.**

अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकरा गई, जिससे उसमें सवार सात लोग घायल हो गए. जानकारी के अनुसार, इंदौर के राजेंद्र नगर थाने में पदस्थ आरक्षक रामवीर सिंह गुर्जर अपने परिवार के साथ भिंड स्थित पैतृक गांव और ग्वालियर स्थित ससुराल में पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे. मंगलवार सुबह वे सभी ग्वालियर से इंदौर लौट रहे थे. कार में रामवीर सिंह गुर्जर (40), उनकी पत्नी रमाबाई गुर्जर (38), बेटे आर्यन (10) और आदित्य (11), भतीजे अंशुल (12) व शिवा (8) तथा भतीजा अरुण (22) सवार थे.

**झपकी आने से हादसे की आशंका-** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हाईवे पर चलते समय कार अचानक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा टकराई. टक्कर के बाद वाहन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया. प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई है कि लंबी यात्रा और थकान के कारण वाहन चला रहे रामवीर सिंह गुर्जर को झपकी आ गई. जिसके चलते कार का नियंत्रण बिगड़ गया. हादसे के बाद घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया. चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद रमाबाई गुर्जर और अंशुल को इंदौर रेफर कर दिया. दोनों के सिर में चोटें आई हैं. दुर्घटना के बाद कार काफी देर तक डिवाइडर पर खड़ी रही. वाहन सीएनजी से संचालित होने के कारण सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने दमकल को मौके पर बुलाया. आग लगने की आशंका को देखते हुए पानी का छिड़काव कराया गया. हालांकि वाहन में आग लगने की कोई घटना नहीं हुई.

### राजलीबे में सभी घरों में नहीं हैं नल कनेक्शन

**राजगढ़ 16 जून, का. मंगलवार को कलेक्ट्रेट में** जनसुनवाई में ग्राम राजलीबेह निवासी देवराज ने बताया कि आवेदक के घर नल कनेक्शन नहीं हैं. इसके चलते आवेदक को पेयजल में काफी परेशानिया हो रही हैं. वहीं काफी समय से पूरी गर्मियों में वे परेशान रहे है. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा सीईओ जनपद पंचायत राजगढ़ को मामले में आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

# मुख्य प्रवेश मार्ग पर मौत का कारण बन सकता है क्षतिग्रस्त चेंबर

**खिलचीपुर 16 जून, सं.** नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं. मामला नगर के व्यस्ततम तोपखाना गेट प्रवेश मुख्य मार्ग रोड का है. जहां बीच सड़क पर स्थित एक बार फिर चैंबर की जाली टूट चुकी है. इस नाले के उपर खुले चैंबर ने अब एक गहरे गड्ढे का रूप ले लिया है, जो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है. दूर से यह गड्ढा दिखाई नहीं देता जिसके कारण वाहन चालकों की कभी भी दुर्घटना घटित होने की संभावना हर समय बनी रहती है. रहावासियों का मानना है कि नगर परिषद एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति द्वारा धरातल पर ध्यान ना देना अव्यवस्था को लेकर गहरी नाराजगी जताई है.

### हादसों को दावत दे रहा खुला चेम्बर

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, इस मुख्य मार्ग से दिनभर व्यापारियों के सैकड़ों भारी वाहनों का आवागमन होता है जिससे चेंबर की जाली टूट जाती है. इस गड्ढे में अब तक कई मोटरसाइकिलें, चार पहिया वाहन और गोवंश गिर चुके हैं. वाहनों को भारी नुकसान पहुंचने के साथ ही कई लोग चोटिल भी हुए हैं. लोगों का आरोप है कि नगर परिषद की लापरवाही के चलते यहां हर समय किसी बड़ी अनहोनी का खतरा मंडराता रहता है। लोगों का मानना है कि लोहे मोटी एवं मजबूत गार्ड लगाकर दो पार्टीशन में चपटे पत्थर रखवा देना चाहिए. ताकि वाहनों के अधिक भर से चेंबर बार बार क्षतिग्रस्त होने से बचेगा ओर भविष्य में नाला चोक होने पर ऊपर रखें पत्थर हटाकर चैंबर की सफाई भी की जा सकती है. रहवासियों का कहना है कि नगर परिषद द्वारा कुछ महीने पहले ही यहां नई जाली लगाई गई थी, लेकिन वह इतनी कमजोर और हल्की थी एक मह में ही टूट गई. जनता की मांग है कि यहां तत्काल मजबूत हैवी गार्ड जाली या पत्थर लगवाई जाए ताकि भविष्य में बार बार क्षतिग्रस्त होने का झंझट ही खत्म हो.

*इस मामले की मुझे जानकारी वार्ड 5 के पार्षद से भी मिली है, शीघ्र ही व्यवस्थित निर्माण कार्य करवा कर मजबूत जाली लगवाई जाएगी.*

**देवनारायण दांगी, सीएमओ, नगर परिषद खिलचीपुर**

### बच्चों को लेकर जनसुनवाई में पहुंची महिला

**राजगढ़ 16 जून, का.** जनसुनवाई में ग्राम पीलूखेडी निवासी बीना ने बताया कि आवेदक की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है. आवेदक बहुत गरीब है. आवेदक अपने बच्चों का भरण पोषण करने में असमर्थ हैं. आवेदक अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हॉस्टल में भेजना चाहता है. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा आदिम जाति कल्याण विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

# जरुरतमंदों के लिए किया 25 यूनिट रक्तदान



नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 16 जून, सं. मेडिकेयर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस कॉलेज, सारंगपुर में जिला चिकित्सालय राजगढ़ द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में संस्थान में अध्यनरत बीपीटी, बीएमएलटी एवं डीएमएलटी के सभी छात्र-छात्राओं ने अपने हीमोग्लोबिन की जांच कराने के उपरांत रक्तदान किया.**

संस्थान के ज्वाईंट डायरेक्टर ऋषभ राज सिंह यादव, मैनेजर उमा सिंह उमठ तथा समस्त शैक्षणिक एवं प्रबंधन स्टाफ ने भी शिविर में भाग लेकर रक्तदान किया. ब्लड डोनेशन टीम में डॉ. पीके जैन, राजकुमार भिलाला, श्रीमती स्वप्ना राय, अमित सक्सेना, रईस खान तथा सोनू यादव शामिल रहे.

टीम द्वारा कुल 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया. जिला चिकित्सालय राजगढ़ में प्रतिमाह लगभग 450 यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है. संस्थान के अकादमिक डायरेक्टर डॉ. सांत्वना सिंह यादव ने बताया कि कई मरीजों में रक्त की मात्रा अत्यंत कम हो जाती है और आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता पड़ती है.

# लगातार चोरियों से लोधीपुरा गांव में हड़कंप, अलमारी से गहने उड़ाए

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 16 जून, का. समीपस्थ ग्राम लोधीपुरा में पिछले एक साल से अज्ञात चोरों ने लोगों में दहशत मचा रखी है. करीब दो-तीन चोरियां बीते एक वर्ष में हो चुकी है और किसी में भी पुलिस को अब तक सफलता नहीं मिला है. सभी चोरियों में समान पैटर्न पर गहने घर से हवा कर दिया. ग्रामीणों ने पुलिस को शिकायत की है. लेकिन पुलिस बदमाशों तक नहीं पहुंच पाई है. एक बार फिर से चोरी की घटना सामने आई है.**

जानकारी के अनुसार फरियादी दिलीप पिता रामप्रसाद लववंशी ने अपने भाई विनोद लववंशी के साथ सिटी थाने पहुंचकर पुलिस को की शिकायत में बताया कि 15-16 जून की दरमियानी रात को वे अपने गांव लोधीपुरा में रात के समय खाना खाकर सो गए थे. उनकी बच्ची रात करीब 4 बजे उठी और रोने लगी. जब उन्होंने घर में देखा तो दरवाजा खुला था और अलमारी के ताले टूटे थे. उन्होंने अपनी पत्नि को उठाया और जांच की तो सोने और चांद का मंगलसूत्र, चांदी की पाजेब, सोने की अंगूठी, पैर के चांदी के पट्टे, बिछुडी आदि आभूषण चोरी पाए गए. वहीं नगदी भी गायब थी. आवेदक प्रायवेट टीचर है. मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है.

**एक साल पुरानी चोरी का नहीं लगा सुराग-** गत वर्ष 18 मार्च 2025 को इसी गांव में बदमाशों ने एक घर से बड़ी चोरी को अंजाम दिया था. बदमाशों ने बिजली कंपनी में पदस्थ हीरालाल पिता पूनमचंद्र लववंशी के घर से दिन के समय करीब 2 से 4 के बीच मेन गेट का ताला तोड़कर सोने चांदी के करीब 10 लाख रूपए कीमती आभूषणों की चोरी की थी. फरियादी ने मामले में पुलिस को सिटी थाने में शिकायत दर्ज कराई. अब तक एक वर्ष बाद भी बदमाशों का सुराग नहीं लग पाया है. आवेदक के अनुसार वह कई बार थाने में अपनी शिकायत दर्ज करा चुका है लेकिन मामले में किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है. हीरालाल लववंशी के अनुसार गांव में दो दिन पूर्व ही रघुवीर लोधा ग्राम लोदीपुरा के घर में चोरों द्वारा दीवाल खोलेने का प्रयास किया गया. वहीं चंद्र सिंह भिलाला के घर के कवेलू हटाए गए. ग्राम में दिलीप पिता रामप्रसाद के घर को टारगेट बनाकर चोरी की गई. लगभग 9 लाख जिसमें 2 किलो चांदी 2 तोला सोना लगभग 70 हजार नगदी रुपए चोरी किए गए है.

# प्राणायाम, कपालभाती और ताड़ासन का अभ्यास कराया

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 16 जून, का.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ में प्राचार्य डॉ. वीबी खरे के मार्गदर्शन में खेल विभाग द्वारा पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मध्य आयोजित विशेष जनकल्याणकारी अभियान के अंतर्गत तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया. इस



अवसर पर प्राचार्य डॉ. खरे ने प्रतिभागियों को नियमित रूप से योग अपनाने तथा 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम में डॉ. बीएल वर्मा, खेल अधिकारी मनोज कुमार दुबे ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नियमित योगा यास करने का संकल्प लिया. यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 जून तक संचालित होगा.



# ब्यावरा शिविर में 5 हितग्राहियों को आवास का लाभ मिला

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 16 जून, का. जनकल्याण शिविर के अंतर्गत ब्यावरा में आयोजित कार्यक्रम में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं सहायता राशि के प्रमाण पत्र वितरित कर योजनाओं का लाभ प्रदान किया.**

इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया. कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 5 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए. वहीं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 2 हितग्राहियों को 50-50 हजार रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र एवं क्रेडिट कार्ड वितरित किए गए. शिविर में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत 5 पात्र हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए. इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के तहत सामान्य मृत्यु सहायता प्रकरणों में 2 हितग्राहियों को 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए.

इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्तियों तक समयबद्ध रूप से लाभ पहुंचाना है. जनकल्याण शिविरों के माध्यम से नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं एवं योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे शासन और आमजन के बीच समन्वय मजबूत हो रहा है. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को योजनाओं का लाभ पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए. शिविर में जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी - कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे.

**आयोजन** जीरापुर के उत्कृष्ट विद्यालय में कुक कम हेल्परों की कुकिंग प्रतियोगिता संपन्न, प्रेरणा समूह को प्रथम पुरस्कार

# जिस स्कूल को पुरस्कार मिला, उसी के शिक्षकों को जज बनाया

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 16 जून, सं. नगर के उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत ब्लॉक स्तरीय कुक कम हेल्पर कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता का उद्देश्य मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता में सुधार लाना और कुक कम हेल्परों को पोषक व्यंजनों के लिए प्रोत्साहित करना रहा. स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन बनाने वाले समूहों को पुरस्कृत किया गया.**



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह रहे. विशेष अतिथि के रूप में डॉ. रामचरण किरार, तहसीलदार आरपी सिंह गौड़, जनपद सीईओ रणजीत सिंह रघुवंशी, बीईओ रामबाबू पाटीदार, बीआरसी गजेंद्र शर्मा, रामप्रसाद वर्मा, देवकीनंदन जमींदार, जगदीश प्रसाद वर्मा उपस्थित रहे. इस प्रतियोगिता में जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत 13 स्व सहायता समूहों के 30 रसोइयों ने भाग लिया. विजेता समूहों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया. अधिकारियों ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों को बेहतर पोषण युक्त भोजन मिलेगा.

पुरस्कार चयन पर उठे सवाल

प्रथम पुरस्कार प्रेरणा स्व सहायता समूह, उत्कृष्ट विद्यालय जीरापुर-द्वितीय पुरस्कार-सरस्वती स्व सहायता समूह प्राथमिक विद्यालय आवास कॉलोनी तथा मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह, नगर माध्यमिक विद्यालय, तृतीय पुरस्कार-मां फलोदी स्व सहायता समूह, प्राथमिक विद्यालय दांगीपुरा; ज्योति महिला स्व सहायता समूह, सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय; , गुप्तनाथ स्व सहायता समूह कन्या हाई स्कूल माचलपुर रहें. शेष समूहों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया.

### पुरस्कार चयन पर नाराजगी

विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार कुकिंग प्रतियोगिता में जजमेंट के लिए शिक्षकों एवं महिला बाल विकास परियोजना सुपरवाइजर को नियुक्त किया गया था. उनके द्वारा समूहों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के लिए मार्किंग की गई. लेकिन एक ही विद्यालय के दो शिक्षिकाओं को जजमेंट



पैनल में नियुक्त करने पर सवाल उठे. जिस विद्यालय को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ, उसी विद्यालय के शिक्षक निर्णायक मंडल में शामिल होने से निष्पक्षता पर सवालिया निशान लगे हैं. प्रतिभागी समूहों के एक संचालक ने पारदर्शिता को लेकर भारी नाराजगी जताई. खुल्लम खुल्ला आरोप लगाया कि निर्णायक ने सही निर्णय नहीं दिया. आखिर सवाल उठना स्वाभाविक है क्योंकि जिस विधालय ने भाग लिया वहीं से निर्णायक होना गलत है.